# Swadesh Conclave 2024: स्वदेश कॉनक्लेव 2024 का भव्य आयोजन, मंत्री, नेताओं समेत गायक गायिकाओं से सजा मंच

By **Dr. Suresh Kumar** - August 8, 2024



*Swadesh Conclave 2024*

**Swadesh Conclave 2024 :** स्वदेश कान्क्लेव का आयोजन गुरुवार (8 अगस्त,2024) को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोगों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित वार्षिक स्वदेश कॉन्क्लेव – 'ब्रांड भारत' का आयोजन बालाजी फाउंडेशन, एपीएन न्यूज और इंडिया लीगल द्वारा किया गया। कई प्रमुख राजनीतिक दिग्गज, न्यायाधीश, वरिष्ठ पत्रकार, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स और फिल्मी हस्तियां इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

स्वदेश कॉन्क्लेव 2024 के प्रथम सत्र का उद्घाटन पूर्व CJI एन वी रमना, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मशहूर गायिका उषा उत्थुप और मैनकाइंड फार्मा के एमडी राजीव जुनेजा के स्वागत से हुआ। "ब्रांड भारत" पर राजनेताओं और कला क्षेत्र के दिग्गजों ने अपने – अपने विचारों को स्वदेश कान्क्लेव में रखा। कार्यक्रम में कुल मिलाकर 5 सेशन हुए। स्वदेश कॉन्क्लेव का समापन कैलाश खेर और उषा उत्थुप के मशहूर गीतों से हुआ।

*Swadesh Conclave 2024*

# Swadesh Conclave 2024 Live Updates: ” ब्रांड भारत एक तलाश का नाम है”- राजश्री राय

एपीएन न्यूज़ की एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने ब्रांड भारत थीम को समझाते हुए कहा, “भारत असल में क्या है? कौन हैं जो भारत को भारत बनाते हैं, इन सभी की तलाश का नाम ब्रांड भारत है।”

इसके अलावा, समारोह के उद्घोषक विजय विक्रम सिंह जो कि एक वॉइस ओवर आर्टिस्ट और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हैं। कार्यक्रम में उन्होंने चर्चित रिएलिटी शो “बिग बॉस” के नैरेटर की आवाज सुनाकर अतिथिगणों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

## **Swadesh Conclave 2024 Live Updates:** फॉर्मर CJI एन वी रमना का किया गया स्वागत

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एन वी रमना का स्वागत वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप राय द्वारा किया गया।

*Swadesh Conclave 2024*

## **Swadesh Conclave 2024 Live Updates: गणेश वंदना के साथ स्वदेश कॉन्क्लेव 2024 का हुआ शुभारंभ**

गायिका उषा उत्थुप ने गणेश वंदना गाकर स्वदेश कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप राय और पूर्व CJI एनवी रमना ने द्वीप प्रज्वलित किया।

*Swadesh Conclave 2024*

# Swadesh Conclave 2024 : वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप राय ने पूर्व CJI के योगदान को सराहा

**स्वदेश कान्क्लेव 2024:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप राय ने कहा कि जस्टिस एन वी रमना का कार्यकाल हम आज भी मिस करते हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में 250 हाई कोर्ट न्यायधीशों और 9 सुप्रीम कोर्ट न्यायधीशों को अप्वाइंट करवाने में अहम योगदान दिया। जस्टिस रमना ने सिर्फ 'बेंच' को ही नहीं बल्कि 'बार' को भी अपने काम से प्रभावित किया। आप एक बहुत सम्मानजनक व्यक्ति हैं। कानून जगत के लोग जस्टिस रमना के योगदान को समझते हैं और सराहते हैं।

इसके अलावा, उन्होंने मशहूर गायिका उषा उत्थुप का धन्यवाद करते हुए कहा, "आपने बचपन से हमें मनोरंजित किया है। आपको इस इंडस्ट्री में काम करते हुए 54 वर्ष बीत चुके हैं, हम सभी आशा करते हैं कि 54 वर्ष और गाकर आप हमारा मनोरंजन करें और भारत के गौरव को और बढ़ाएं..."

*Swadesh Conclave 2024*

# Swadesh Conclave 2024 : 'न्यापालिका पर आज भी लोगों का विश्वास है'- पूर्व CJI एनवी रमना

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (CJI) एनवी रमना ने स्वदेश कान्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, न्यापालिका पर आज भी लोगों का विश्वास है, न्याय करना एक अहम जिम्मेदारी है। मैं उन सभी न्यायधीशों को धन्यवाद देता हूं और सराहना करता हूं, जिन्होंने अपनी संवैधानिक शपथ का मान रखते हुए कार्य किया है।

उन्होंने आगे कहा, "अदालतों में पेंडिंग केस गंभीर चिंता का विषय है, न्याय के सभी मंचों पर जजों की बहाली जल्द कराने की कोशिश होनी चाहिए..."

## Swadesh Conclave 2024 Live: "भारत में बनी दवाएं देश की ब्रांडिंग है।" – एमडी मैनकाइंड फार्मा, राजीव जुनेजा

मैनकाइंड फार्मा के वीसी और एमडी राजीव जुनेजा ने कान्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में बनी दवाएं देश की ब्रांडिंग है। भारत का फार्मास्युटिकल योगदान महान रहा है। चिकित्सा के लिए अनुसंधान और निवेश की आवश्यकता है...।"

*Swadesh Conclave 2024*

## Swadesh Conclave 2024 Live : गांव और किसान को 'एनर्जी' और 'पावर' से जोड़ना है… – केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने स्वदेश कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि भारत जल्द ही तीसरी बड़ी इकोनॉमी बने। ये एक बड़ा वादा नजर आता है पर बिल्कुल मुमकिन है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।"

नितिन गडकरी ने आगे कहा, "हमारी सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान बढ़ाना हैं साथ ही गांव और किसान को एनर्जी और पावर से जोड़ना है। किसान अन्नदाता ही नहीं ऊर्जादाता भी हैं। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए ग्रामीण इलाकों का विकास जरुरी है। ग्रामीण, जंगलों, ट्राइबल इलाकों में 65 प्रतिशत आबादी है, लेकिन जीडीपी में इनका योगदान केवल 14 प्रतिशत है, ये बदलना है।"

## Swadesh Conclave 2024 Live: मशहूर गायिका उषा उत्थुप को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने स्वदेश सम्मान से सम्मानित किया

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मशहूर गायिका उषा उत्थुप को 'स्वदेश सम्मान' से सम्मानित किया।

*Swadesh Conclave 2024*

# Swadesh Conclave 2024 Live: सांसद अखिलेश यादव ने स्वदेश कॉन्क्लेव को किया संबोधित

एपीएन न्यूज की एडिटर इन चीफ राजश्री राय ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत किया। अखिलेश यादव कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, बीजेपी के लोग स्वदेश का नारा भूले, जो लोग स्वदेशी का नारा देते थे वे जीएसटी के बाद इसे अब भूल गए।" इसके साथ ही विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, "हमारे विरोधी अभी भी समीक्षा कर रहे हैं कि हार कर भी हम लोकसभा चुनाव कैसे जीत गए? दूसरी तरफ अयोध्या की हार सत्ता में बैठे लोगों को सोने नहीं देती। सपा सांसद ने आगे कहा, "हमारी सरकार ने 21 महीने में आगरा – लखनऊ एक्सप्रेसवे कंप्लीट किया..." अपने कार्यकाल में हमने एजुकेशन में बदलाव किए। HCL का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट लखनऊ में बनवाया। करीब 6000 लोग वहां काम करते हैं ।" यूपी में हमारी सरकार मेट्रो लाई और सबसे अधिक मेट्रो हमने बनवाई।"

## Swadesh Conclave 2024 Live: 'ब्रांड भारत' हर भारतीय की जिम्मेदारी- भाजपा सांसद मनोज तिवारी

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, "एपीएन चैनल से हम काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। राजश्री राय और प्रदीप राय हमारे बहुत पुराने परिचित हैं। ब्रांड भारत पर आज बहस हो रही है।" अन्य गायकों की ओर इशारा करते हुए मनोज तिवारी ने कहा, "ये सत्र बड़ा सुरीला है। ब्रांड भारत हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें ये तय करना है कि ब्रांड भारत कैसे बनेगा। अग्निवीर का जिक्र करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि इसे लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है।"

उन्होंने आगे कहा, "अपनी स्किल पहचानिए, हर किसी के पास स्किल है। मेरे पास सिंगिंग का स्किल है। इसके बाद उन्होंने अपना प्रसिद्ध गाना, "ए राजा जी..." गाया।

## Swadesh Conclave 2024 Live: "स्वदेश की खुशहाली का रास्ता गांव , खेत-खलिहानों से होकर जाता है।"- बोले केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने स्वदेश कॉन्क्लेव 2024 को संबोधित करते हुए कहा, "भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों का अहम योगदान है। चौधरी चरण सिंह की बात को याद करते हुए उन्होंने कहा, "स्वदेश की खुशहाली का रास्ता गांव , खेत-खलिहानों से होकर जाता है।"

*Swadesh Conclave 2024*

## Swadesh Conclave 2024 Live: 'ब्रांड भारत' एक नामी ब्रांड बन चुका है- नवनीत सहगल, चेयरमैन, प्रसार भारती

प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, ब्रांड भारत एक नामी ब्रांड बन चुका है। हमें पॉजिटिविटी की ओर अग्रसर होना चाहिए।"

*Swadesh Conclave 2024*

## भविष्य के भारत में 'ग्रीन इन्वेस्टमेंट' पर युवाओं को ज्ञान होना जरूरी – बोले भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, "नवयुग का नया सृजन युवाओं तुम्हारे साथ है। उठो, जागो ये देश तुम्हारे साथ में है।"

उन्होंने आगे कहा कि इंटरनेट 4.O में देश विकसित कर रहा है। भविष्य का भारत में 'ग्रीन इन्वेस्टमेंट' पर युवाओं को ज्ञान होना जरूरी। देश के विकास के लिए युवाओं को ग्लोबल थिंकिंग की जरूरत है..."

इसके अलावा, अनुराग ठाकुर ने RRR फिल्म के नाटु-नाटु का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ऑस्कर जीतकर विश्वभर में स्वदेश की गरिमा को बढ़ाया है। अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण के अंत में कहा विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को संकल्प की जरूरत है। युवाओं के योगदान से ही भारत नई ऊंचाइयों को छू सकेगा। अनुराग ठाकुर ने "ब्रांड भारत" को प्रमोट करने की गुज़ारिश की। अनुराग ठाकुर ने सभी पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में श्रोताओं से जोरदार तालियों की गुज़ारिश की, जिसके बाद एपीएन स्वदेश कॉन्क्लेव का मंच तालियों से गूंज उठा।

## Swadesh Conclave 2024 Live: "उन्नतिशील देश होता है उन्नत देश के युवाओं से" – गायक कैलाश खेर

## Swadesh Conclave 2024: रानी कोहिनूर ने स्वदेश कॉन्क्लेव में दिखाया अपना सिंगिंग टैलेंट

गायिका रानी कोहिनूर ने स्वदेश कॉन्क्लेव में अपना टैलेंट दिखाया, उन्होंने, दो आवाजों में गीत गाकर सभी को चौंकाया। इसके साथ ही उन्होंने लिंग भेद को कला से दूर रखने के लिए कहा।

**क्या है "ब्रांड भारत" थीम ?**

"ब्रांड भारत" की थीम वैश्विक मंच पर भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक पहचान को दर्शाती है। स्वदेश कॉन्क्लेव जैसे प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से दुनियाभर में 'ब्रांड भारत' को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में, भारत की ताकत, उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित करना शामिल है। यह वैश्विक क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी, सहयोग और सकारात्मक धारणाओं को बढ़ावा देने पर जोर देता है। 'ब्रांड भारत' को बढ़ावा देकर, स्वदेश कॉन्क्लेव जैसी पहल न केवल राष्ट्रीय गौरव और प्रगति को बढ़ावा देती है, बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर अवसरों, रचनात्मकता और नेतृत्व के केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है।

**'स्वदेश सम्मान' पुरस्कारों के बारे में**

'स्वदेश सम्मान' पुरस्कार उन लोगों, प्रोजेक्ट और संस्थाओं को सम्मानित करने का काम करता है, जिन्होंने भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अथक प्रयास किया है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, कलाकारों, वकीलों और अन्य दिग्गजों सहित नौ प्रतिष्ठित जजों का एक पैनल सावधानीपूर्वक नामांकन का मूल्यांकन करता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के प्राप्तकर्ताओं को समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान, उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करने और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए सावधानीपूर्वक चुना जाता है।

स्वदेश अवॉड्र्स की शुरुआत साल 2020 में की गयी थी। स्वदेश अवॉर्ड असाधारण उपलब्धियों को हासिल करने के लिए दिया जाता है। समाज को डिजिटल, वित्तीय और सामाजिक तौर पर समावेशी बनाने के लिए लोगों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

स्वदेश मंच के जरिए प्रशासन,समावेशी विकास, टेक्नोलॉजी और उसके एप्लीकेशन, कॉरपोरेट लीडरशिप,कॉरपोरेट गवर्नेंस,सिटिजन सर्विस डिलीवरी, कैपेसिटी बिल्डिंग और इसी तरह के दूसरे क्षेत्रों में योगदान के लिए पुरस्कार दिया जाता है। 'स्वदेश' न सिर्फ असाधारण प्रतिभाओं ,संगठनों और लोगों की पहचान करता है बल्कि समाज का मार्गदर्शन करने और नेतृत्व प्रदान करने का भी काम करता है।

---

**Dr. Suresh Kumar**